an>

Title: Need to take concrete steps to stop the proxy war waged by Pakistan against India.

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) ः पाकिस्तान के नए सेना प्रमुख की ताजपोशी होते ही जम्मू के निकट नगरोटा व चमियाल में आतंकवादी हमले हुए हैं, जिसमें दो अफसरों सहित सात सैनिक शहीद हो गए। सर्जिकल स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान ने घुसपैठ, अलगाववाद और आतंकवाद को अपने नापाक मंसूबों का हथियार बनाया है। पाकिस्तान भारत के साथ अपनी छद्म युद्ध रणनीति के अंतर्गत बार-बार एल.ओ.सी. का उल्लंघन करके आतंकी हमले कर रहा है। हाल ही में 18 सितम्बर, 2016 को जम्मू-कश्मीर के उरी में पाक आतंकवादियों ने भारत के सेना शिविर में सो रहे भारतीय जवानों पर कायराना आतंकी हमला करके सेना के 18 जवानों को शहीद कर दिया। हालाँकि भारत के सैनिकों ने अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए सभी आतंकियों को मार गिराया। मौके पर मिले खाद्य पैकेटों पर पाकिस्तान की मोहरें व रावलपिण्डी से मिल रहे निर्देश इस बात के पक्के सबूत हैं कि इन हमलों में पाकिस्तान का हाथ है। मैं गृह मंत्री जी से माँग करता हूँ कि पाकिस्तान को विश्व भर में बेनकाब करने व उसे एक आतंकी राष्ट्र घोषित कराने तथा भारत की एकता और प्रभुसत्ता को बरकरार रखने की दृष्टि से इस दिशा में ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं।